गुरु नानक कॉलेज धनबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1&2 द्वारा पराक्रम दिवस मनाया गया।

आज दिनांक 23 जनवरी 2022 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 & 2 के द्वारा **पराक्रम दिवस** मनाया गया। देशनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत एक ऑनलाइन फीचर फ़िल्म का स्क्रीनिंग किया गया। जिसका शीर्षक " ***नेताजी सुभाष चंद्र बोस : दि फॉरगॉटेन हीरो*** "था। इस कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन कॉलेज के प्राचार्य, डॉ० संजय प्रसाद द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का प्रसारण गूगल मीटिंग एप माध्यम पर संचालित हुआ जिसमें 100 से अधिक संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति थी।

सर्वप्रथम कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि आज नेताजी के जीवन एवं उनके आदर्श को अपनाने का समय है उनकी देशभक्ति निस्वार्थ थी। उन्होंने IAS (तब ICS) की परीक्षा पास करने के बावज़ूद I A S की नौकरी छोड़ देश की आज़ादी के लिए लड़े। उन्होंने आज़ाद हिन्द फ़ौज की स्थापना की। वे एक कुशल नेता थे। और इस मौक़े पर कॉलेज के NSS द्वारा नेताजी के जीवन एवं उनके कर्तव्यों पर आधारित उक्त फ़िल्म का संचारण हमारे विद्यार्थियों में एक सकारात्मक बदलाव लाएगा।

इस कार्यक्रम में परिचय भाषण एवं मंच संचालन NSS इकाई (1) के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो दिपक कुमार द्वारा किया गया। ऑनलाइन कार्यक्रम का तकनिकी संचालन NSS स्वयंसेवकों (1) ईशा कुमारी, रवि सिंह एवं उनकी टीम द्वारा सफल हुआ।

इस अवसर ऑनलाइन माध्यम पर कॉलेज के महिला शाखा की प्रो इंचार्ज डॉ रंजना दास, प्रो सोनू यादव, प्रो चिरंजीत अधिकारी, प्रो पियूष, मिस शिवांगी पांडेय समेत अन्य कई शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थें।

कार्यक्रम का संचालन NSS कार्यक्रम पदाधिकारी (1)प्रो दीपक कुमार एवं (2)डॉ मिना मालखण्डी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।